सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री आनंदपुर साहिब के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2019 को कॉलेज में सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सृजनात्मक लेखन के प्रति जागृत करना एवं साहित्य में सृजनात्मक लेखन के महत्व को रेखांकित करना रहा। मानवता के महान पुंज श्री गुरु नानक देव जी के 550 वें जन्म दिवस को समर्पित इस प्रतियोगिता का विषय **"बलिहारी कुदरत वसिया"** रहा। इस प्रतियोगिता में कविता, कहानी एवं निबंध लेखन को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों से विधार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन अपने लेखन से किया। प्रतियोगिता की सफल बनाने में विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह का विशेष योगदान रहा और इस प्रतियोगिता का संयोजन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर केवल कुमार ने किया। प्रतियोगिता का परिणाम 15 सितम्बर को घोषित किया और विजेता विद्यार्थियों को 16 सितम्बर 2019 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह में सम्मानित किया गया।